भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2394
07 अगस्त, 2026 को जवाब दिया

आईडब्ल्यूडीपी के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में ऊन विकास सहायता

2394. श्री हर्ष महाजनः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान समेकित ऊन विकास कार्यक्रम (आईडब्ल्यूडीपी) की सहायता से हिमाचल प्रदेश में खरीदे गए, परीक्षण किए गए तथा प्रसंस्कृत ऊन की मात्रा का राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार तुलनात्मक ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आईडब्ल्यूडीपी के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में ऊन उत्पादकों तथा प्रसंस्करण अवसंरचना हेतु आवंटित तथा जारी की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हिमाचल प्रदेश से ऊन प्रसंस्करण, परीक्षण अथवा डीहेयरिंग अवसंरचना से संबंधित कोई प्रस्ताव मंत्रालय के पास लंबित है/हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) यदि कोई विलंब हुआ है तो उसके लिए राज्य सरकार से संबंधित कारण क्या हैं, तथा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड (CWDB) ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी ऊन खरीद और विपणन संघ लिमिटेड, शिमला (हिमाचल प्रदेश) को हिमाचल प्रदेश राज्य में 50.00 लाख रुपये की परियोजना लागत से भेड़ ऊन की खरीद और विपणन के लिए एक रिवॉल्विंग फंड परियोजना को मंजूरी दी है। पिछले 3 वर्षों के दौरान, केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड को ऊन की खरीद, परीक्षण और प्रसंस्करण के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य से CWDB के IWDP के तहत वित्तीय सहायता के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी ऊन खरीद और विपणन संघ लिमिटेड, शिमला (हिमाचल प्रदेश) ने 13 शिप शियरिंग मशीनें प्रदान करने का अनुरोध किया है; इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

***